सुप्रभात
शनिवार 27.07.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 99
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



स्पीड न्यूज

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष कैद की सजा

**धनबाद।** शादी की नीयत से नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में आज अदालत ने अपना फैसला सुनाया । धनबाद पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने मामले के नामजद फरार आरोपी श्रवण कुमार महतो को बीस वर्ष कैद एवं पंद्रह हजार रुपए जुमार्ना से दंडित किया है। गुरुवार को अदालत ने उसे दोषी करार दिया था। अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए शुक्रवार की तारीख निर्धारित की थी ।प्राथमिकी पीड़िता की मां की शिकायत पर बरवड्डा थाने में दर्ज की गई थी । प्राथमिकी के मुताबिक 22मार्च 23 को जब पीड़िता घर में अकेले थी तब श्रवण उसे बहला फुसला कर अपने साथ ले गया । पीड़िता ने आरोप लगाया कि श्रवण उसे बस से कोडरमा फिर वहां से भुवनेश्वर ले गया वहां उसके साथ जबरन मंदिर में शादी किया और दुष्कर्म किया था ।अनुसंधान के बाद पुलिस ने 24 मार्च 23 को श्रवण के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था। सुनवाई के दौरान श्रवण फरार हो गया जिसकी अनुपस्थिति में अदालत ने उसे दोषी करार दिया। अभियोजन नहीं इस मामले में पांच गवाहों का परीक्षण कराया था

## सुशांतो हत्याकांड में गवाह पेश करने का आदेश

**धनबाद।** फॉरवर्ड ब्लॉक के नेता सुशांतो सेन गुप्ता उनके भाई संजय सेन गुप्ता व कार्यकर्ता दुर्योधन पाल के हत्या के चर्चित मामले की सुनवाई सीबीआई के विशेष न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत में हुई। कोर्ट ने सीबीआई को गवाह पेश करने का आदेश दिया है। 5 अक्टूबर 2002 को सुशांतो अपने भाई संजय व कार्यकर्ता दुर्योधन के साथ कार से निरसा जा रहे थे। गोपालगंज के पास कार पर हमलावरों ने अंधाधुंध फायरिंग की थी। मौके पर ही तीनों की मौत हो गई थी। जबकि प्रदीप तुरी एवं गणेश स्वर्णकार घायल हो गए थे। प्रदीप तुरी के फर्द बयान पर निरसा थाने में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। पुलिसिया जांच पर उंगली उठाते हुए सुशांतो की माँ ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। उच्च न्यायालय के आदेश पर सीबीआई ने मामले को दर्ज कर उपरोक्त के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया।

## जस्टिस मुखोपाध्याय ने किया सिविल कोर्ट का निरीक्षण

**धनबाद।** झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सह जोनल जज धनबाद रंगन मुखोपाध्याय ने शुक्रवार को सिविल कोर्ट धनबाद का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोर्ट भवन और उसमें उपलब्ध सुविधाओं के विषय में जानकारी ली। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा कई निर्देश दिए।

### सरकारी भूमि को अवैध कब्जा से मुक्त कराने का डीसी ने दिया आदेश

# उच्च न्यायालय में लंबित मामले समेत अन्य का करें निपटारा : डीसी

**समीक्षा बैठक**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्र ने जिले में सरकारी भूमि को अवैध कब्जाधारियों से अविलम्ब मुक्त कराने का आदेश दिया है। इसके साथ ही हाईकोर्ट के लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन किया जाये। उपायुक्त सुश्री मिश्र आज यहां समाहरणालय के सभागार में सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट में लंबित मामलों एवं विभिन्न आयोगों से संबंधित लंबित रिपोर्ट की समीक्षात्मक बैठक को संबोधित कर रही थी। उन्होंने झारखंड उच्च न्यायालय में जिले के वादों को ससमय निबटारा के लिए लंबित वादों की विभागवार व अंचलवार समीक्षा की। उपायुक्त ने कहा कि उच्च न्यायालय के मामलों को प्राथमिकता देते हुए निष्पादन के कार्य में तेजी लाई जाए। न्यायालय के लंबित मामलों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने गंभीर और जटिल मामलों को अविलंब संज्ञान में देने की भी बात कही, ताकि ससमय उसका हल निकाला जा सके। इसके अलावा उपायुक्त ने सभी अंचलाधिकारियों को लंबित म्यूटेशन व भू मापी को जल्द निष्पादन के लिये भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा, सरकारी योजनाओं के लिए भूमि उपलब्ध कराने हेतु भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने अंचलाधिकारियों को सभी माइनिंग प्रोजेक्ट्स का निरीक्षण कर खनन क्षेत्र की एरिया मापी कर 5 अगस्त तक रिपोर्ट देने का निदेश दिया है।



**बैठक में ये लोग थे मौजूद**

बैठक में उप विकास आयुक्त सादात अनवर, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, डीएलएओ राम नारायण खलखो, खनन पदाधिकारी मिहिर सलकर, जिला शिक्षा अधीक्षक भूतनाथ रजवार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनीता कुजूर समेत सभी अंचल अधिकारी एवं विधि शाखा प्रभारी उपस्थित थे।

## बीओआई की कलेक्ट्रेट एक्सटेंशन शाखा का डीसी ने किया शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्र ने शुक्रवार को मिश्रित भवन स्थित बैंक ऑफ इंडिया के एक्सटेंशन ब्रांच का उद्घाटन कलेक्ट्रेट के प्रथम तल पर किया ।इस अवसर पर बैंक ऑफ इंडिया, एफ.जी.एम.ओ., रांची के महाप्रबंधक मनोज कुमार ने बताया कि एक्सटेंशन ब्रांच में अन्य शाखाओं की तरह नया अकाउंट, लोन, एटीएम, कैश डिपोजिट सहित सभी तरह की बैंकिंग सेवा ग्राहकों को प्रदान की जाएगी। मौके पर उपायुक्त सुश्री मिश्र के अलावा उप विकास आयुक्त सादात अनवर, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, बैंक ऑफ इंडिया के आंचलिक प्रबंधक, धनबाद अंचल विकास रंजन पटनायक, उप आंचलिक प्रबंधक दिनेश प्रसाद, अग्रणी जिला प्रबंधक अमित कुमार, कंबाइंड बिल्डिंग शाखा के वरीय शाखा प्रबंधक राजेश कुमार कुशवाहा, आंचलिक विपणन प्रभारी कवलप्रित सिंह, एक्सटेंशन ब्रांच के प्रबंधक शशि शेखर कुमार, विपणन प्रबंधक प्रशांत कुमार, राहुल प्रसाद के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।



## हाईवा लूट और जानलेवा हमला के मुकदमा में गवाह का बयान दर्ज

**सांसद ढुल्लू महतो नहीं हुए हाजिर**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** किरण महतो के हाईवा व टीपर लूट और डोमन महतो पर जानलेवा हमला करने के मुकदमे की सुनवाई शुक्रवार को अदालत में हुई। इस दौरान श्री ढुल्लू हाजिर नहीं थे। धनबाद के एमपी एमएलए के विशेष न्यायाधीश डी सी अवस्थी की अदालत में सांसद की ओर से गवाह डोमन महतो का प्रतिपरिक्षण दिल्ली हाईकोर्ट के अधिवक्ता ललन ओझा ने किया। तकनीकी वजहों से डोमन का प्रतिपरीक्षण आज पूरा नहीं हो सका । वहीं हाईवा लूट के मामले में गवाह आज हाजिर नहीं था अदालत ने दोनों मामलों में अभियोजन को गवाह पेश करने का आदेश दिया है।

**क्या है आरोप**

किरण महतो की शिकायत पर 15 फरवरी 2020 को केदार यादव, रियाज अंसारी, सोनू शर्मा, राजू शर्मा ,बॉबी खान एवं अमजद खान के विरुद्ध लूट, मारपीट व आर्म्स एक्ट के धाराओं में केस दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक 15 फरवरी 20 को उसका 4 हाईवा व टीपर केशरगढ साइडिंग में चल रहा था इसी बीच किरण को सूचना मिली कि ढुल्लू समर्थक उपरोक्त सभी लोग उनके हाईवा मशीन लूट कर ले जा रहे हैं । किरण ने आरोप लगाया है कि सुभाष महतो के साथ मारपीट कर उसके पॉकेट से 2500 ले लिया गया ,सोनू शर्मा व बॉबी ने धमकी दी कि तुम्हारे मालिक किरण को घुसकर घर में मारे हैं नेतागिरी करेगा तो गाड़ी में आग लगा देंगे। किरण के शिकायत पर कतरास थाने में 15 फरवरी को प्राथमिकी दर्ज की गई थी । वहीं डोमन महतो के शिकायत पर 29 अप्रैल 19 को प्राथमिकी विधायक ढुल्लू महतो, अजय गोराई, बूढ़ा राय, कृष्णा रविदास उर्फ विनय रविदास एवं बिट्टू सिंह के विरुद्ध गाली गलौज व जानलेवा हमला का आरोप लगाते हुए दर्ज की गई थी ।

**एक नजर में**

## शहीद निर्मल महतो शहादत दिवस मनाने को लेकर आजसू की बैठक में विचार-विमर्श

**बेरमो।** शुक्रवार को आजसू पार्टी के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम 8 अगस्त शहीद निर्मल महतो के शहादत दिवस की तैयारी को लेकर एक आवश्यक बैठक सांसद आवासीय कार्यालय मकोली में की गई बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष महेश देशमुख ने की ,बैठक में मुख्य अतिथि के रूप से पार्टी के बोकारो जिला अध्यक्ष सचिन महतो उपस्थित थे । जिला अध्यक्ष सचिन महतो ने कहा कि आजसू पार्टी प्रारंभ से ही झारखंड के वीर शहीदों का सम्मान करते आ रही है और शहीद के सम्मान में पार्टी मुखर कर सामने रहती है । आजसू पार्टी के द्वारा शहीद निर्मल महतो के सम्मान में फुसरो स्थित निर्मल चौक में उनकी प्रतिमा वर्ष 2013 स्थापित की गई थी पर विरोधियों को उनके सम्मान से तकलीफ होने लगा और विरोधियों ने षड्यंत्र रच रातों रात शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा को हटवाया गया।

## बेरमो थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने प्रभार संभाला



**बेरमो।** बेरमो थाना के प्रभारी के रूप में रोहित कुमार सिंह ने पद ग्रहण किया। इससे पूर्व वे पुलिस केन्द्र, बोकारो में कार्यरत थे। बेरमो थाना में पदभार ग्रहण करने के बाद थाना प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र में विधि व्यवस्था को कायम रखा जाएगा। इसके लिए जनता के सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि लोगों को किसी भी तरह की समस्या हो तो वे निर्भिक होकर बिना संकोच के थाना आकर हमसे मिले उनकी समस्या का समाधान तत्परता के साथ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में किसी भी तरह का आवैध करोबार चलने नहीं दिया जाएगा।

## करगली फिल्टर प्लांट से मिलेगा स्वच्छ पानी

**बेरमो।** सीसीएल बीएंडके क्षेत्र करगली फिल्टर प्लांट से लगभग एक लाख से भी अधिक लोगो को साफ-स्वच्छ पानी मिलेगा। दो दशक बाद पानी टंकी की सफाई युद्ध स्तर पर प्रबंधन शुरू कराया है। सफाई के दौरान फिल्टर प्लांट से कई ट्रेक्टर मलबा और कचरा निकाला गया। 1.5 -1.5 लाख गैलन की दो टंकी सफाई का कार्य पूरा हो जाने के बाद लोगों को शुद्ध पानी मिलना शुरू हो जाएगा। सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के महाप्रबंधक के रामाकृष्णा के निर्देश पर ईएंडएम और सिविल विभाग लगातार दो दिनों से टंकी की सफाई कर 10 ट्रेक्टर से अधिक कीचड़, मलबा और निकालकर टंकी को पूरी तरह चकाचक करने मे जुटे हुए है। अब बेरमो वासियों को स्वच्छ पानी मिल सकेगा। सफाई के दौरान मौके पर एक बड़ा और एक छोटा सफाई गाड़ी लगाई गई थी। दोनो टंकी मे काफी मिट्टी की गाद जमा हो गई थी। टंकी की सफाई में चार दिन लग सकता है। सफाई मे दो दर्जन मजदूर टंकी के अंदर उतर कर सफाई कर रहे है। सफाई दौरान कीचड़ व कंजी निकाली गई। सफाई के दौरान पानी का उपयोग कर दो दशक से जमा कीचड़ आदि को निकाला जा रहा है। जिससे बेरमो वासियों को शुद्ध पानी मिल सके। इस फिल्टर प्लांट से बीएंडके क्षेत्र स्थित सभी कॉलोनियों मे पानी की सप्लाई की जाती है। विभाग के अधिकारी के अनुसार कारगली फिल्टर प्लांट की दोनो टंकी की सफाई कार्य पूर्ण होते ही निर्धारित समय पर पानी की सप्लाई पूर्व की भांति होती रहेगी।

# रोजगार मांगने आए युवक की वाहन के धक्के से मौत

**हादसा**

**आक्रोशित लोगों ने किया कई वाहनों को आग के हवाले**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जोड़ापोखर।** शुशी आउटसोर्सिंग कंपनी में दस दिनों से रोजगार मांगने आए युवक की मौत वाहन की चपेट में आ कर हो गई। सूरज माली नामक युवक शुक्रवार को भी कैम्प में आया था। कैम्प से निकल कर जब वह जा रहा था तो वाहन कैम्पर की चपेट में उसकी मौत हो गई। आक्रोशित लोगों ने कैम्प में मोटरसाइकिल सहित कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया। इधर परिजन कैंप के मुख्य द्वार के निकट शव रखकर बैठ गए हैं। युवक जेलगोड़ा 3 नंबर भूली क्वार्टर निवासी बीरेंद्र माली का पुत्र था। उसे तीन भाई और तीन बहनें थी। घटना शुक्रवार को अपराह्न 3.20 मिनट की है। वह भाइयों में सबसे बड़ा था। पिता बिरेन्द्र असंगठित मजदूर है। घटना के बाद विभिन्न थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंची हुई है। आग पर काबू पाने के लिए फायर बिग्रेड की गाड़ी से पानी का छिड़काव किया जा रहा है।



## जनता मजदूर संघ ने ढोरी क्षेत्र में बुनियादी समस्याओं पर की समीक्षा बैठक

**बेरमो।** जनता मजदूर संघ ढोरी क्षेत्र के चपरी गेस्ट हाउस में शुक्रवार को एक दिवसीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई. कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष धीरज पाण्डेय और संचालन विकास कुमार सिंह ने किया. मुख्य अतिथि सीसीएल सलाहकार समिति सदस्य सह सीसीएल अध्यक्ष जनता मजदूर संघ कमलेश सिंह ने कहा कि हमारा संगठन मजदूर हित के लिए हमेशा आगे बढ़कर कार्य करता है. उन्होंने कहा कि मजदूरों को हक और अधिकार प्रबंधन से लड़कर दिलाएंगे।

## धनबाद में दो साइबर अपराधी धराये, एटीएम, पैन कार्ड बरामद

**कई थानों में दर्ज है मामला**

**धनबाद।** धनबाद से दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से 9 एंड्राइड मोबाइल ,14 एटीएम कार्ड, 3 पैन कार्ड ,तीन आधार कार्ड ,6 पासबुक, एक चेक बुक ,पांच डायरी और एक कॉपी बरामद की गई है। साइबर अपराध पर लगाम लगाने के लिए धनबाद पुलिस लोगों को जागरूक कर रही है। प्रतिबिंब एप के जरिये कई नंबरों को ट्रैक किया गया है। इसी क्रम में दो ऐसे नंबर ट्रैक किए गए, जिस पर पूर्व से ही मामले दर्ज थे।

मामले की जानकारी देते हुए साइबर डीएसपी संजीव कुमार ने बताया कि सरलाडीला थाना अंतर्गत वनस्थली कॉलोनी के सुखधाम रेसीडेंसी फ्लैट नंबर 401 से किशन कुमार और पवन कुमार को गिरफ्तार किया गया है। इन पर कानपुर और पश्चिम बंगाल में भी साइबर फ्रॉड के मामले दर्ज हैं। इनके पास से कुल 11 सिम बरामद किए गए हैं। मोबाइल नंबर 8597 239 032 के विरुद्ध पश्चिम बंगाल में मामला दर्ज है, जबकि मोबाइल नंबर 89458 95187 के विरुद्ध कानपुर उत्तर प्रदेश में मामला दर्ज है कानपुर में दर्ज मामले में बेटा को रेप में फसाने के नाम पर साइबर फ्रॉड किया गया था। जबकि पश्चिम बंगाल में ऑनलाइन गेमिंग के नाम पर साइबर फ्रॉड के मामले दर्ज किए गए थे।

# गिरिडीह में तीन साइबर अपराधी गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस साइबर अपराध पर लगाम लगाने के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने एक बार फिर तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है ।बताया जाता है कि गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा को प्रतिबिंब पोर्टल के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि गिरिडीह के बेंगाबाद थाना क्षेत्र में कुछ साइबर अपराधी आम लोगों से ठगी कर रहे हैं। इसी सूचना के आधार पर साइबर डीएसपी आबिद खान के नेतृत्व में छापेमारी टीम गठित किया गया। टीम में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अजय कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक पुनीत कुमार गौतम, राम प्रवेश यादव, सहायक अवर निरीक्षक गजेन्द्र कुमार,आरक्षी दामोदर प्रसाद मेहता को शामिल किया गया। टीम ने 3 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में बेंगाबाद थाना क्षेत्र के सोनबाद निवासी 30 वर्षीय शंकर तुरी मंडल, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के उदनाबाद का 19 वर्षीय राहुल कुमार राणा, सरिया थाना क्षेत्र के खैराबाद निवासी 27 वर्षीय विवेक मंडल शामिल है। पुलिस ने उनके पास से 3 मोबाइल और 4 सिम बरामद किया है। गिरफ्तार अपराधियों ने बताया कि लोकैंटो एप के माध्यम से लडकी से न्यूड वीडियो कॉलिंग करने एवं लडकी उपलब्ध कराने का झांसा देकर लिंक भेजकर पैसा ठगी करते थे व साइबर अपराधियों को बैंक खाता उपलब्ध कराते थे। बता दें कि विगत 10 महीने में कुल 257 साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी।



**बाबाधाम में शिवभक्त**





# श्रावणी मेला को लेकर पूर्व रेलवे ने यात्री सुविधाएं बढ़ाई

**जसीडीह, देवघर और बासुकीनाथ में कई नई व्यवस्था उपलब्ध**

**गिरधारी लाल जोशी**

**देवघर।** विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले के मद्देनजर पूर्व रेलवे ने जसीडीह, देवघर, बाबाधाम और वासुकीनाथ में कांवड़ियों के लिए कई सुविधाएं उपलब्ध कराई है। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कौशिक मित्रा ने बताया कि राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, ओडिशा जैसे विभिन्न क्षेत्रों के लोग बाबा का जलाभिषेक करने आते है। ऐसे में इनकी यात्रा सुखद हो इसके लिए रेलवे ध्यान रखता है। भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक एकता का यह द्योतक है। तीर्थयात्रियों के लिए आरामदायक और सुविधाजनक अनुभव सुनिश्चित करने के लिए पूर्व रेलवे ने श्रावणी मेला 2024 के दौरान इन सुविधाओं को मुहैया कराया है। जो ट्रेन चलाने के अतिरिक्त है।

### चिकित्सकीय सुविधाएं

जसीडीह प्लेटफार्म नंबर 01 पर 24 घंटे डॉक्टर की सुविधा के साथ सेंट जॉन्स एम्बुलेंस। नये सकुर्लेटिंग एरिया में 24 घंटे डॉक्टर की सुविधा के साथ पैरामेडिकल सेंटर।

**विशेष रेल सेवाएं**

तीर्थयात्रियों की बढ़ती संख्या मद्देनजर 16 जोड़ी श्रावणी मेला विशेष ट्रेनें चलाई जा रहीं हैं। पूर्व रेलवे द्वारा उठाए गए इन व्यापक कदमों का उद्देश्य श्रावणी मेला 2024 में भाग लेने वाले भक्तों की सुरक्षा, आराम और सुविधा सुनिश्चित करना है, जिससे इस पावन त्योहार के दौरान उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने की उनकी प्रतिबद्धता को मजबूत किया जा सके।

### सूचना एवं सहायता

सभी मेला स्टेशनों पर क्या मैं आपकी मदद कर सकता हूँ केन्द्र की स्थापना की है। सुरक्षा के लिए आरपीएफ (महिला आरपीएफ सहित) और राज्य पुलिस की तैनाती। सभी मेला स्टेशनों पर 155 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। जसीडीह एवं देवघर में सहयोग काउंटरों की उपलब्धता कराई गई है। भारत स्काउट एवं गाइड द्वारा जसीडीह एवं बैद्यनाथ धाम स्टेशनों पर अतिरिक्त पूछताछ काउंटर की व्यवस्था की गई। सातों दिन 24 घंटे हेल्पलाइन नंबरः 9332062199 और 9332062100 किसी मदद के लिए जारी किया है।

### प्रतीक्षा क्षेत्र

बैद्यनाथ धाम और देवघर स्टेशनों पर निःशुल्क अतिरिक्त प्रतीक्षालय

**बुनियादी ढांचा और सुविधाएं**

जसीडीह स्टेशन पर अस्थायी शेड (49000 वर्ग फीट) बनाया गया है। अतिरिक्त पेयजल नल का इंतजाम किया है। नि:शुल्क शौचालय की सुविधा दी गई है। जसीडीह स्टेशन पर बायो-टॉयलेट की उपलब्धता है। जसीडीह में ग्राउंड फ्लोर पर पांच कमरे तीर्थयात्रियों को मुफ्त उपलब्ध कराए जाएंगे ।प्लेटफार्मों और सकुर्लेटिंग क्षेत्रों में पर्याप्त पंखे और लाइट उपलब्ध कराया गया है ।जसीडीह स्टेशन पर तीर्थयात्रियों के मनोरंजन के लिए होल्डिंग्स में पांच बड़े आकार के प्लाज्मा टीवी उपलब्ध कराए गए हैं ।होल्डिंग्स में मोबाइल चार्जिंग पॉइंट की मुहैया किया गया है। सभी मेला स्टेशनों पर पर्याप्त साइनेज की उपलब्धता है ।दिन में छह बार प्लेटफार्मों और स्टेशन सकुर्लेटिंग क्षेत्रों की सफाई की जाती है।

अतिरिक्त यूटीएस काउंटरः जसीडीह - 14, देवघर - 03, बैद्यनाथ धाम - 02, बासुकीनाथ - 02 काउंटर बनाए गए है। यात्रियों के मार्गदर्शन के लिए चेकिंग स्टाफ की तैनातीः जसीडीह - 103, देवघर - 20, बैद्यनाथ धाम -10 बनाकर बाबा धाम आने वालों को सुविधाएं दी गई है।

स्पीड न्यूज

## सोनाली की संदिग्ध अवस्था में मौत के मामले की दोबारा जांच शुरू

**सिंदरी ।** सिंदरी के रॉंगामाटी आवास आर एम फोर 755 -56 में विगत 4 फरवरी को नवविवाहिता सोनाली देवी की संदिग्ध हालत में मौत के मामले का पुनः अनुसंधान शुरू हो गया है। सिंदरी एसडीपीओ भूपेंद्र प्रसाद राउत ने पड़ोसियों से जानकारी हासिल की है। मृतका के भाई अमित यादव उर्फ लालू कुमार ने बलियापुर थाना में तीन नामजद आरोपियों पर केस दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की थी। पति चंदन कुमार ने कुछ समय बाद न्यायालय में आत्मसमर्पण किया था। परंतु अन्य आरोपियों भाभी ममता देवी और ससुर कपिलदेव प्रसाद की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। इस संबंध में लालू ने डीआईजी बोकारो सुरेंद्र झा को आवेदन पत्र दिया था। डीआईजी के निर्देश पर सिंदरी एसडीपीओ ने घटनास्थल के आसपास अनुसंधान किया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने अनुसंधान शुरू किया है। अनुसंधान के बाद स्थिति साफ होगी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

बताते चलें कि सोनाली देवी की शादी विगत 3 जून 2023 को कपिलदेव प्रसाद के पुत्र चंदन कुमार के साथ नालंदा जिले के कैला गाँव में हुई थी। मृतका के भाई ने दहेज उत्पीड़न के तहत पति, ससुर और पति की भाभी पर हत्या का आरोप लगाया था। आरोप था कि सोनाली की हत्या कर शव लटका दिया गया था।

## एच पी सी वेतनमान को ले प्रबंधन से हुई वार्ता

**कतरास ।** बीसीसीएल बरोरा क्षेत्रांतर्गत कार्यरत सेलपीकर मजदूरों के एचपीसी पेमेंट को लेकर बरोरा क्षेत्रीय सभागार में एटक समर्थकों की वार्ता हुई। बैठक में प्रबंधन के आश्वासन पर यूनियन समर्थकों ने कहा कि अगले माह से सेलपीकर मजदूरों को यदि एचपीसी द्वारा निर्धारित वेतनमान नहीं दिया गया तो कोलियरी में चक्का जाम आंदोलन चलाया जाएगा. बैठक में एटक के केंद्रीय अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो, महाप्रबंधक बरोरा क्षेत्र पीयूष किशोर, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक हेमंत हेना, क्षेत्रिय प्लानिंग ऑफिसर अभिजीत पाल, क्षेत्रीय सचिव संतोष गोराई, नर्मदेश्वर पांडे, मुकुटधारी गोराई, जगदीश रवानी आदि मौजूद थे।

## मारवाड़ी महिला समिति ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

**कतरास।** मारवाड़ी महिला समिति कतरास शाखा का 13 वां स्थापना दिवस शुक्रवार को प्रियदर्शनी पथ स्थित गीता सत्संग भवन में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ किया गया। समिति की अध्यक्ष रितु अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 2012 में कतरास मारवाड़ी महिला समिति का गठन किया गया था। कमेटी के गठन के साथ ही संगठन लगातार सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेता है। मौके पर समिति की कविता अग्रवाल, मीना अग्रवाल, दीपा अग्रवाल, प्रियंका चौधरी, संगीता जलान, प्रीति सिंघानिया, मीतू अग्रवाल आदि मौजूद थी।

## अनुसचिवीय कर्मियों की हड़ताल पांचवें दिन भी जारी

**धनबाद।** अनुसचिवीय कर्मचारी संघ की हड़ताल पांचवें दिन यानी शुक्रवार को भी जारी रही। हड़ताल के कारण सरकारी दफ्तरों में काम-काज पूरी तरह ठप हो गया है। कमी, वेतनमान में संशोधन, प्रोन्नति सहित अन्य मांगों पर अड़े हुए हैं। शुक्रवार को समाहरणालय गेट के पास धरना में बड़ी संख्या में कर्मी नजर आए।

संघ के जिला मंत्री राजकुमार सिंह ने बताया कि समाहरणालय में शत-प्रतिशत कर्मी हड़ताल पर है। डीसी, एसडीओ, एलआरडीसी कार्यालय, लेख कोषागार, अंचल व प्रखंड कार्यालयों में काम-काज नहीं हो रहा है। जब तक 9 मांगें पूरी नहीं हो जाती, हड़ताल जारी रहेगी। धरना में शांतनु सरकार, सुशील सिन्हा, असलम परवेज सहित अन्य मौजूद थे।

# जदयू ने पूर्वी टुंडी में किया हल्ला बोल, पोल खोल प्रदर्शन

## प्रखंड कार्यालय के समक्ष भारी संख्या में लोगों ने किया भ्रष्टाचार का विरोध

**लूट-खसोट के विरुद्ध जदयू पाटी का हल्ला बोल, पोल खोल**

खबर मन्त्र सवाददाता

**पूर्वी टुंडी।** जदयू पार्टी एवं यूथ फोर्स संगठन द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत भ्रष्टाचार और सरकारी योजनाओं में हो रही लूट-खसोट के विरुद्ध प्रखंड कार्यालय के समक्ष हल्ला बोल, पोल खोल प्रदर्शन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह और जदयू धनबाद जिलाध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह मौजूद थे।



सैकड़ों की संख्या में लोग प्रदर्शन में शामिल हुए। सभी ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध रोष प्रदर्शन किया। जनसमूह को संबोधित करते हुए दीप नारायण सिंह ने कहा कि प्रखंड में लूट-खसोट मची है। गरीबों का कोई काम नहीं हो रहा है, लोग परेशान हैं। अबुआ आवास, दाखिल-खारिज, पेंशन, आय, आवासीय, जाति प्रमाण पत्र आदि योजनाओं मे लुट मची है। जदयू जिलाध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह ने कहा कि अगर कोई गरीब, मजदूर, किसान, छात्र, नौजवान, महिलाओं का अधिकार छीनने का प्रयास करेगा तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

प्रतिनिधि मंडल ने 37 सूत्री मांगपत्र सौंपा। अध्यक्षता जदयू युवा प्रखंड अध्यक्ष गुड्डू सिंह ने की और संचालन सूरज कुमार सिंह ने किया।मौके पर धनलाल दुबे, जदयू नेता सह पूर्व जिला परिषद सदस्य सहदेव, जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जिला महासचिव अशोक कुमार दास, जदयू धनबाद जिला महासचिव दीपक कुमार महतो, जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष इम्तियाज खान, दिनेश राय, सुनील रजक, सहदेव भंडारी, गौतम पांडेय, अभिराम मुर्मु, जीतन दास मौजूद थे।

# टुंडी रोड में छ लाख की चोरी

खबर मन्त्र सवाददाता

**गिरिडीह।** शहर के बड़ा चौक के टुंडी रोड स्थित घर में दिन दहाड़े चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। उक्त घर नगर थाना से महज 500 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यहां तक कि उक्त इलाका आबादी वाला है और दिन भर चहल पहल बनी रहती है बावजूद इसके चोरों ने घर के पिछे की चार दिवारी कुद कर किचन का खिड़की का रॉड निकालकर घर के अन्य कमरों में प्रवेश कर चोरी की घटना को अंजाम दिया हैं। चोरी की घटना को अंजाम देकर चलते बने। इस दौरान चोरों ने करीब 6 लाख के जेवरात सहित 50 हजार नगद पर हाथ साफ कर दिया।



बताया जाता है कि गृहस्वामी दिपाांशु शर्मा अपनी पत्नी और बहन रचना शर्मा के साथ अपने ससुर के इलाज में व्यस्त थे और दोपहर के वक्त डॉक्टर के पास थे।

दोपहर बाद परिवार के साथ घर लौटे, तो देखा कि किचन के खिड़की का दो रॉड टूटा हुआ था और घर के एक कमरे में रखे दो अलमीरा से करीब छह लाख के जेवर समेत 50 हजार नगद रुपये गायब थे। वहीं कमरे में सारा समान बिखरा पड़ा हुआ था। दिपांशु शर्मा ने घटना की जानकारी नगर थाना पुलिस को दी। घटना की सुचना पा कर नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूर मामले की जानकारी ली।

# डीसी ने जनता दरबार में सुनी लोगों की फरियाद

## अधिकारियों को शीघ्र समाधान का दिया निर्देश



खबर मन्त्र सवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में जनता दरबार लगाकर जिले के विभिान्न स्थानों से आए लोगों की समस्याएं सुनी। समस्याओं में जमीन विवाद, आर्म्स लाइसेंस, सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा, अतिक्रमण मुक्त कराने, धोखाधड़ी, पेंशन, जबरन उत्खनन, ऑनलाइन रसीद, जाति-आवासीय प्रमाण पत्र, आंगनबाड़ी सेविका के चयन, जमीन बंटवारा, जमीन मापी आदि से जुड़े मामले शामिल थे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को उक्त सभी मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने का निर्देश दिया।

# पूजा-अर्चना के साथ हनुमान मंदिर का गुंबद निर्माण कार्य शुरू



**मैथन।** मैथन संजय चौक के समीप बालाजी महाराज हनुमान मंदिर के गुंबद का निर्माण कार्य शुक्रवार को पूजा-अर्चना के साथ शुरू हो गया। पुजारी ने विधिवत पूजा अर्चना कर निर्माण कार्य शुरू कराया। पुजारी ने बताया कि राजस्थान के करीब डेढ़ दर्जन शिल्पकार यहां आ चुके हैं, जिनसे निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इस अवसर पर मंदिर के आसपास नारियल का वृक्ष लगाया गया। मौके पर डॉक्टर रामजी दुबेदी, अखिलेशवर तिवारी, प्रमोद अग्रवाल, धीरेन्द्र नायक, मैथन ओपी प्रड्डारी आकृष्ट अमन, मोना शर्मा, लंबू यादव, अरूण तिवारी, राकेश दूबे, सुखमय मंडल, जनार्दन यादव आदि मौजूद थे।

# निगम ने पुराना बाजार में चलाया अभियान

खबर मन्त्र सवाददाता

**धनबाद।** नगर निगम की टीम ने शुक्रवार को अतिक्रमण के खिलाफ पुराना बाजार में अड्डियान चलाया। नाली के ऊपर करीब 30 से अधिक स्थायी दुकानों को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया। निगम की पहल की स्थानीय लोगों ने भी सराहना की। लोगों का कहना था कि इस बाजार में 40 फीट की सड़क है, जो अतिक्रमण के कारण आठ फीट दिखती थी। अवैध दुकानों के हटाने से बाजार की रौनक बढ़ गई है। ग्राहकों को भी सुविधा हो रही है। निगम के अधिकारियों को हर दस दिन में इस बाजार का निरीक्षण करना चाहिए।



दुबारा दुकान लगाने वलों से 5 हजार रुपये जुर्माना लेना चाहिए। इसके बाद भी कोई गलती करता है तो जुर्माना की दर हर बार दोगुनी कर देनी चाहिए।

अभियान का नेतृत्व कर रहे सेनेटरी इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि नगर आयुक्त के आदेश पर पुराना बाजार पानी टंकी से रेलवे फाटक तक अभियान चलाया गया है। दो दिन पूर्व भी अभियान चलाया गया था। नाली पर बनी दुकान खाली करने का आदेश दिया गया था। इसके बाद आज कार्रवाई की गई है। नाली पर दुकान खड़ा करने की छूट किसी को नहीं मिलेगी, इससे साफ सफाई प्रभावित होती है।

# झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंड एम्पलाइज फेडरेशन की बैठक

खबर मन्त्र सवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंड एम्पलाइज फेडरेशन की बैठक पुराना जेल परिसर में मुन्ना प्रसाद कुशवाहा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड ऑफिसर टीचर्स एंड एम्पलाइज फेडरेशन के द्वारा आहूत कर्मचारी चेतना जागरण पर रणनीति बनाने के साथ ही सभी प्रखंडों में प्रखंड कार्यकारणी को सशक्त और मजबूत करने के लिए सभी विभागों के अधिक से अधिक सदस्यों को संगठन से जोड़ने सहित कई बिन्दूओं पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष श्री कुशवाहा ने कहा



कि प्रांतीय निर्देश के आलोक में अगस्त में विशाल जिला स्तरीय सम्मेलन आहूत किया गया है। साथ ही प्रदेश नेतृत्व के द्वारा 1 सितंबर को रांची में भव्य प्रांतीय महासम्मेलन का आयोजन किया गया है जिसे सफल बनाने के लिए संगठन के पदाधिकारी अभी जूट गए है। बैठक में प्रांतीय महिला सचिव शमा प्रवीण, जिला सचिव केदार प्रसाद यादव, जिला कोषाध्यक्ष रविकांत चौधरी, झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला सचिव मोहम्मद अख्तर अंसारी, जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह मौजूद थे।

## माले के संस्थापक सदस्य बक्शी का स्मृति दिवस मनाया

**सिंदरी ।** भाकपा माले के संस्थापक सदस्य डी पी बक्शी का स्मृति दिवस परसबनिया पार्टी कार्यालय में शुक्रवार को मनाया गया। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई।

श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद वक्ताओं ने कहा कि डी पी बक्शी ने अखंड बिहार सहित अन्य राज्यों के प्रभारी रहते हुए पार्टी का विस्तार किया। झारखंड में मजदूरों की समस्याओं को लेकर ट्रेड यूनियन की स्थापना भी उन्होंने की थी। उन्होंने बिहार के किसानों की समस्याओं पर भी आंदोलन किए। सिंदरी परसबनिया क्षेत्र स्तर की बैठक में केन्द्रीय अभियान पर विस्तृत चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि चारु मजूमदार के 52 वें शहादत दिवस और पार्टी की 50 वीं वर्षगाँठ पर सभी शाखाओं में झंडोत्तोलन किया जाएगा। इस अभियान के तहत नये सदस्यों को जोड़ने, शाखाओं के गठन और पुनर्गठन सहित पार्टी पत्रिकाओं के विक्रय पर जोर दिया जाएगा।

बैठक में जिला सचिव कार्तिक प्रसाद, एरिया प्रभारी नकुलदेव सिंह, लोकल सचिव सुधीर महतो, सुभाष मंडल, विमल कुमार रवानी, किशुन महतो, राजाराम रजक, ओमप्रकाश राम, फुलचंद वाउरी, आसमान मराण्डी, विशाल सोरेन आदि मौजूद थे।

# कारगिल विजय दिवस पर जिले के विभिन्न स्थानों पर दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र सवाददाता

**धनबाद।** 26 जुलाई कारगिल विजय दिवस की 25 वीं वर्षगांठ के अवसर पर धनबाद के विभिन्न स्थानों पर कारगिल युद्ध में शहीद वीर जवानों के सम्मान स्वरूप मे कही मशाल जुलूस ,कही शौर्य रैली निकाला गया एवं शहीद जवानों के प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद धनबाद इकाई द्वारा कारगिल विजय दिवस के अवसर पर सुबह शौर्य रैली निकल कर पूरे शहर में भ्रमण किया गया । ये रैली दुर्गा मंडप ,स्टील गेट,डीआरएम चौक, पूजा टॉकीज, बेकारबांध, कंबाइंड बिल्डिंग होते हुए रणधीर



वर्मा चौक तक निकला गया। कारगिल में शहीद वीर सैनिकों को इस संस्था से जुड़े लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। शाम को कोयला नगर के समुदायिक भवन में देश भक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । भारतीय जनता युवा मोर्चा धनबाद की ओर से भी कारगिल विजय दिवस पर वीर शहीदो को श्रद्धांजलि दिया गया। भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमलेश सिंह ने कहा कारगिल युद्ध में वीर सैनिकों ने पराक्रम दिखाते हुए देश की रक्षा के खातिर अपना प्राण निछावर कर दिया था। निरसा में भी भाजयुमो धनबाद ग्रामीण के जिलाध्यक्ष बंपी चक्रवर्ती के नेतृत्व में कारगिल के शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दिया गया।

पीके राय कॉलेज, गुरु नानक कॉलेज एवं पी अकैडमी धनबाद एनसीसी कैडेट्स के द्वारा कारगिल दिवस के अवसर पर धनबाद में शहीद हुए शशिकांत पांडे की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह आयोजन 36 झारखंड बटालियन एनसीसी धनबाद के समाशी पदाधिकारी सेना मेडल से सम्मानित कर्नल संजय कंडवाल द्वारा निर्देश पर किया गया। इस अवसर पर पीके रॉय के एनसीसी पदाधिकारी कैप्टन संजय कुमार सिंह, सहायक जगबंधु रवानी एवं 36 झारखंड बटालियन के पदाधिकारी सूबेदार ध्यान सिंह,सूबेदार श्याम सिंह,हवलदार नरेन्द्र सिंह एवं उपर्युक्त स्कूलों एवं कॉलेज के साथ 60 छात्रों ने हिस्सा लिया।

झरिया ,जोड़ापोखर थाना के निकट शहीद चौक पर कारगिल युद्ध विजय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शहीद शशिकांत पांडेय को श्रद्धांजलि देने पहुंचे सेना के सूबेदार ध्यान सिंह, दर्जनों एनसीसी के जवानों के साथ सभी ने शशिकांत की मूर्ति पर माला पहनाकर श्रद्धांजलि दी। वही शहीद के माता अगला ललिता देवी एवम पिता राजेश्वर पांडेय को अंग बस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सूबेदार श्री सिंह ने कहा है कि सेना जवान शशिकांत ने पाकिस्तानी आतंकवादियों से लोहा लेते हुए कश्मीर में शहीद हो गए थे। इस श्रद्धांजलि के पर शहीद के भाई श्रीकांत पांडेय, सेना के सूबेदार श्याम सिंह, नरेंद्र सिंह मौजूद रहे।

## एक नजर में

### केवि मैथन में छात्रों का कौशल एवं तकनीकी शिक्षा पर कार्यशाला का हुआ आयोजन



**मैथन।** केंद्रीय विद्यालय मैथन में शुक्रवार को कार्यशाला आयोजित कर कक्षा 6 से 12 वीं तक के छात्रों को कौशल एवं तकनीकी शिक्षा के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य प्रवीण कुमार माथुर ने किया। मुख्य वक्ता पीजीटी शिक्षक मंगल राय ने छात्रों को बताया कि आधुनिक युग में कैसे कौशल शिक्षा महत्वपूर्ण तथा रोचक कॅरियर ऑप्शन के रूप में आगे बढ़ाएगी। उन्होंने विद्यार्थियों को अलग-अलग विभागों में विभिन्न कोर्स की जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंगल राय, अनिरुद्ध पाठक आदि शिक्षकों की अहम भूमिका रही। कार्यशाला में लगभग 210 छात्रों ने हिस्सा लिया।

### रोड चौड़ीकरण में ग्रामीणों की समस्या पर चर्चा



**पूर्वी टुंडी।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में सीओ देवराज गुप्ता ने गोविंदपुर साहिबगंज मुख्य मार्ग चौड़ीकरण में ग्रामीणों की समस्या को लेकर बैठक की। ग्रामीणों का नेतृत्व कर रहे टुंडी विधानसभा क्षेत्र के नेता बिदेश दा तथा सड़क परिवहन एनएच के निदेशक विवेक रंजन शामिल हुए। बैठक में रैयतों ने जमीन ,मकान, दुकान आदि के एव में मुआवजा की जानकारी चाही। हालांकि बैठक में भूअर्जन कार्यालय के पदाधिकारी मौजूदा नहीं थे। इस कारण लोगों को पूरी जानकारी नहीं मिल सकी। विदेश दा ने कहा कि जनता की लड़ाई में अगर सुप्रीम कोर्ट भी जाना पड़ा तो जाएंगे। जनता का हक दिला कर रहेंगे।

### स्वास्थ्य शिविर में 85 मरीजों की हुई जांच



**मैथन।** आदर्श समाज सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से शुक्रवार को गौरी देवी अस्पताल दुर्गापुर के सहयोग से पांड्रा पश्चिम पंचायत सचिवालय में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 85 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा उन्हें दवा उपलब्ध कराई गई। शिविर में 11 मरीजों की पहचान की गई, जिनका इलाज आयुष्मान कार्ड के माध्यम से गौरी देवी अस्पताल में किया जाएगा। जानकारी देते हुए पांड्रा पश्चिम पंचायत पूर्व मुखिया रोविन धीवर ने बताया कि शिविर में लोगों के ब्लड प्रेशर शुगर, स्त्री रोग से संबंधित बीमारी, हृदय रोग, आंख से संबंधित बीमारियों की जांच की गई। 11 मरीज गंभीर बीमारी से पीड़ित मिले। उन सभी का इलाज गौरी देवी अस्पताल दुर्गापुर में किया जाएगा। आने जाने की व्यवस्था अस्पताल प्रबंधन द्वारा की जाएगी। मरीज की जांच डॉक्टर निखिल राज, डॉक्टर शब्बीर खान, सोमा मालाकार, मंजू महतो आदि ने की। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनोज तंतुबाई, सोमनाथ कुंड्डाकार, संदीप रवानी, बीरबल रवानी, आकूल धीवर,श्रीकांत रवानी आदि की भूमिका रही।

### इनरव्हील क्लब ऑफ गिरिडीह ने किया पौधारोपण



**गिरिडीह।** इनरव्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन द्वारा कमरशाली गांव में मेगा वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। आबादी वाले क्षेत्र में छोटे से स्थान पर करीब 150 छायादार व फलदार पेड़ लगाए गए। भविष्य में यह क्षेत्र वन में परिवर्तित हो जाएगा, जिससे पर्यावरण को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। क्लब की अध्यक्ष सोनाली तरवे ने कहा कि हमारा उद्देश्य पर्यावरण की रक्षा और हरित भविष्य की ओर कदम बढ़ाना है। कहा कि सत्र की शुरूआत से लगभग 350 पेड़ अलग-अलग जगह पर लगा चुके हैं। मियावाकी वन निर्माण तकनीक से यह सुनिश्चित करेंगे कि यह क्षेत्र जल्द ही घने जंगल में परिवर्तित हो जाए। वृक्षारोपण में सेक्रेटरी राखी झुनझुनवाला,आईपीपी सुमन गौरीसरिया,वाइस प्रेसिडेंट कविता राजगढ़िया, रिया अग्रवाल, रश्मि गुप्ता, सुनीता बरनवाल, शशि जैन आदि मौजूद थे।

### सीसीएल डीएवी स्कूल में क्लस्टर स्तरीय खेल उत्सव शुरू,उपायुक्त व जीएम ने किया झंडोत्तोलन




**गिरिडीह ।** सीसीएल डीएवी स्कूल में शुक्रवार को दो दिवसीय क्लस्टर स्तरीय खेल उत्सव शुरू हो गया। उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा और सीसीएल के जीएम बसाक चौधरी, स्कूल के प्रिंसिपल ओमप्रकाश गोयल ने संयुक्त रूप से झंडोत्तोलन कर उत्सव की शुरूआत की। उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने कहा कि सीसीएल डीएवी के इस दो दिवसीय क्लस्टर स्तरीय खेल उत्सव को प्रतिभागियों में जो उत्साह दिख रहा है, वह हर किसी को उत्साहित करने वाला है। सीसीएल के जीएम बसाक चौधरी व स्कूल के प्रिंसिपल ओमप्रकाश गोयल ने कहा कि इस उत्सव के जरिए प्रतिभागियों को जोनल और राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा। दस स्कूल के 500 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।

स्पीड न्यूज

### करंट लगने से बिजली मिस्त्री गंभीर रूप से घायल

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ईटाय में शुक्रवार को ट्रांसफार्मर लगाने के दौरान 11 हजार बिजली की चपेट में आने से बिजली मिस्त्री गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घायल बिजली मिस्त्री की पहचान 36 वर्षीय प्रमोद कुमार पिता स्व.नंदू सिंह ग्राम ईटाय निवासी के रूप में हुई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों और सहयोगियों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं मिली जानकारी के अनुसार बिजली मिस्त्री प्रमोद सिंह समेत अन्य सहयोगियों की मदद से ग्राम ईटाय के टांड पर नया ट्रांसफार्मर लगाया जा रहा था, इसी दौरान लाईन काटने के बाद भी ट्रांसफार्मर का पत्ती सटे रह जाने के कारण 11 हजार करंट का झटका लग गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

### नव पदस्थापित सीओ ने किया पदभार ग्रहण

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंचल कार्यालय में नव पदस्थापित अंचलाधिकारी केशव प्रसाद चौधरी ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। बताते चलें कि निवर्तमान सीओ ओम प्रकाश बड़ाईक द्वारा पदभार दिया गया। पदभार देने के क्रम में निवर्तमान सीओ ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। वहीं पदभार संभालते ही नव पदस्थापित सीओ ने प्रखंड अंचल कर्मियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मौके पर आलोक कुमार शर्मा, अमीन आनंद सिंह, राजस्व कर्मचारी आनंद कुमार, नीतीश कुमार कंप्यूटर ऑपरेटर, आशीष कुमार, दीपक कुमार समेत अन्य कर्मी मौजूद थे।

### जिला ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन 28 का

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया स्थित द-रामेश्वर वैली स्कूल के प्रांगण में 28 जूलाई को जिला ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। वहीं ताइक्वांडो जिला एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रविवार को 8वीं जिला ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन होगा, जिसमें जिले के कई स्कूलों के बच्चे व बच्चियां अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाएंगी। वहीं ताइक्वांडो चैंपियनशिप में विजेता टीम को एसोसिएशन के द्वारा नगद राशि के अलावा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। वहीं प्रवीण कुमार ने बताया कि लड़का हो या लड़की सभी को आज की दुनिया में सेल्फ डिफेंस के लिए ताइक्वांडो सीखना चाहिए, इससे उनका शारीरिक व मानसिक विकास भी होता है। बैठक में प्राचार्या रश्मि प्रवीण बर्णवाल के अलावा जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार, प्रवीण कुमार, प्रवीण जोशी उपस्थित थी। कार्यक्रम में झारखंड ताइक्वांडो एसोसिएशन के अमर बाउरी, जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन के उपाध्यक्ष संजय कुमार, सेक्रेटरी आकाश चन्द्रा के अलावा इंस्ट्रक्टर गुलाम हुसैन, प्रवीण कुमार, प्रवीण जोशी के साथ कई सहयोगी मौजूद रहेंगे।

### कैलाश राय विद्यालय में भैया बहनों का कराया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर झुमरीतिलैया में जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से 22 जुलाई से 26 जुलाई तक भैया बहनों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में 600 से आिक भैया बहनों का रक्त समूह और हीमोग्लोबिन की जांच की गई। वहीं विद्यालय के प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू ने मुख्य चिकित्सा पदाािकारी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला स्वास्थ्य समिति कोडरमा के प्रति आभार जताते हुए कहा की जिला द्वारा दिए गए सहयोग के प्रति हम सदैव कृतज्ञ रहेंगे। मौके पर आचार्य मनोज कुमार सिंह, प्रदीप कुमार, रामानुज पांडेय, विजय कुमार मिश्रा, विजय तिवारी, नीरज कुमार सिंह, डॉ.धीरेंद्र कुमार सिंह, सुनील कुमार, अर्चना सिन्हा, रिमझिम कुमारी मौजूद थे।

# शौर्य के साथ मनाया गया कारगिल विजय दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** सैनिक स्कूल तिलैया में राष्ट्रीय कैडेट कोर के तत्वाधान में अमर जवानों के दैदीप्त आभा और शौर्य को याद करते हुए कारगिल विजय दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम भारतीय सेना शिक्षा कोर के वरिष्ठ अधिकारी एवं मुख्य अतिथि ले. कर्नल ललनुनसियामा (कार्यकारी प्राचार्य) ने 'अमर तिलैयन' को पुष्प चक्र अर्पित करके श्रद्धांजलि व्यक्त की। तत्पश्चात अमर शहीदों की पुण्य स्मृति में प्रातः विशेष सभा आयोजित की गई। जिसमें सैन्य छात्रों ने कारगिल विजय के स्वर्णिम इतिहास पर प्रकाश डाला तथा दो मिनट का मौन रखा। इस अवसर हिन्दी व अंग्रेजी में निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। साथ ही राष्ट्रीय कैडेट कोर के उत्कृष्ठ सैन्य-छात्रों को क्षेत्रीय निदेशालय के द्वारा मेडल एवं नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। इस दौरान छात्रों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने बताया कि सैन्य जीवन, राष्ट्र, समाज व संस्कृति के लिए उत्कृष्ठ योगदान करता है। यह जीवन समाज एवं मातृभूमि की प्रत्यक्ष सेवा के लिए उत्तरदायी है। हम सब कारगिल वीरों के लिए श्रद्धांजली अर्पित कर रहे हैं, किन्तु हम यह श्रद्धांजलि इस प्रण के साथ दें कि राष्ट्र के प्रति हमारी निष्ठा, समर्पण व सेवा में रत्ती मात्र का विचलन न हो। यही सबसे बड़ी सेवा व श्रद्धांजलि होगी। वहीं कार्यकम का संचालन थर्ड ऑफिसर सह सीनियर मास्टर एम पाठक ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एनसीसी पदाधिकारी राजेश कुमार, निरंजन उपाध्याय, प्रतिक पांडेय, वीके सिंह, सीके दूबे, वीएन शुक्ल, सूबेदार दर्शन सिंह, हवलदार मनोज कुमार माझी, अजीत कुमार एवं कार्यालय सहायक महेश प्रसाद ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष पहुंचे कोडरमा, अधिकारियों के साथ की बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान कोडरमा पहुंचे और स्थानीय परिसदन भवन में अधिकारियों के साथ बैठक कर अल्पसंख्यकों के लिए विभिन्न विभागों के द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं की प्रगति की समीक्षा किया और अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

बैठक के दौरान समाज कल्याण, शिक्षा, कल्याण, मनरेगा, अबुआ आवास समेत विभिन्न योजनाओं में कितने अल्पसंख्यकों को लाभ दिया गया, इसकी जानकारी विभागवार ली। साथ अधिकारियों को राज्य और केंद्र सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अल्पसंख्यकों को देने आदि का निर्देश दिया। मौके पर आयोग के सदस्य बरकत अली, एसी पूनम कुजूर, डीएसओ अविनाश पुरेन्दु, डीडब्लूओ अभिषेक आनन्द, जिला कृषि पदाधिकारी रविशंकर बर्णवाल आदि मौजूद थे। अधिकारियों के साथ बैठक के उपरांत आयोग के अध्यक्ष ने प्रेसवार्ता किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि उनकी टीम राज्य के विभिन्न जिलों का दौरा कर अल्पसंख्यकों के स्थिति का आकलन कर रही है, अधिकारियों के साथ बैठक कर यह जानने का प्रयास किया जा रहा है कि आबादी के अनुपात में अल्पसंख्यकों को राज्य और केंद्र प्रायोजित योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नही, इसी कड़ी में कोडरमा में उनका आगमन हुआ है।

## शहर को बेहतर साफ सफाई को लेकर नगर प्रशासक ने की बैठक, दिये कई निदेश



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** नगर प्रशासक नगर पंचायत कोडरमा शम्भु प्रसाद कुशवाहा के द्वारा नगर पंचायत कोडरमा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न वार्डो, गली, मोहल्ला, बाजार, सार्वजनिक स्थान, विभिन्न कार्यालय, बस स्टैंड, टेंपो स्टैंड एवं अन्य प्रमुख स्थानों में बेहतर साफ सफाई करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने शहर को साफ सफाई रखने के लिए नगर वासियों को सहयोग करने की अपील की। वहीं उन्होने सभी दुकानदारों को अपना एक डस्टबिन रखने के लिए अनुरोध किया। वहीं उन्होंन कहा कि दुकानों को कचरा इधर-उधर न फेंकें अपने दुकान के डस्टबिन में रखें एवं कचड़े को नगर पंचायत के गाड़ी में कचरा डालना सुनिश्चित करें।

#### जीएस पब्लिक स्कूल में धूम-धाम से मना कारगिल विजय दिवस

## कारगिल विजय दिवस हर भारतीय के लिए गौरव का दिन : नितेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** स्थित जीएस. पब्लिक स्कूल विद्यालय प्रांगण में शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस बड़े ही धूम-धाम से मनाया गया, जहां स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक पेट्रियोटिक पोस्टर व बैनर बनाते दिखें, साथ ही छोटे छोटे बच्चों ने स्पीच व नृत्य कर सभों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में निदेशक नितेश कुमार ने विद्यालय परिवार को संबोधित करते हुए ढेरों शुभकामनाएं दीं एवं कहा कि कारगिल दिवस स्वतंत्र भारत के सभी देशवाशियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। भारत में प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को यह दिवस मनाया जाता है। इस दिन भारत और पाकिस्तान के सेनाओं के बीच वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था, लगभग 60 दिनों तक चला और 26 जुलाई को अंत हुआ था और भारत की जीत हुई थी। कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना के साहस मातृभूमि के प्रति उनके प्रेम, बलिदान और उनके देश के प्रति भावना को श्रद्धा सुमन अर्पित करने का दिवस है। वहीं उप-निदेशक नीरज सिंह ने कहा कि लगभग 18 हजार फीट की ऊंचाई पर लड़ी गयी कारगिल की इस जंग में भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना के छक्के छुड़ा दिए थे और घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया था।

इस युद्ध में सैंकड़ों भारतीय सैनिकों ने अपने आखिरी सांस भारत माता के नाम कर दिया। आज भी उनके वीर गाथाएं और पराक्रम की शौर्यगाथाये। इस दिवस पर विद्यालय के अकाउंटेंट गुलाब चंद साह एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपनी भागीदारी निभाई।




## ग्रिजली कॉलेज में कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को किया गया नमन



**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कारगिल युद्ध में शहीद वीरों को नमन किया गया। वहीं कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल सह कार्यक्रम पदाधिकारी सौरभ शर्मा द्वारा प्रस्तुत भाषण में भारतीय शहीदों के पराक्रम एवं साहसिक कार्यों से अवगत कराया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के बीएड. सत्र 2023-25 के प्रशिक्षु रिंकी कुमारी एवं सोनाली कुमारी सिंह ने कारगिल विजय दिवस की ऐतिहासिक घटना पर विस्तृत प्रकाश डाले। वहीं प्रशिक्षु विकास कुमार यादव ने देश भक्ति गीत प्रस्तुत कर सभी के मन को विभोर करते हुए शहीदों के संघर्षों से अभिभूत कराया। वहीं प्राचार्य डॉ. मृदुला भगत ने कहा कि शहीदों के त्याग बलिदान एवं देश के प्रति उनके समर्पण को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। वीर शहीद सदैव हमारे आदर्श रहेगें। मौके पर मनीषा, प्रीति यादव, श्रेया पांडेय, शिफा नूरी, मिनल कुमारी, नेहा कुमारी, पूजा रवि, पूजा कुमारी, जीतन कुमार यादव, पुजा कुमारी, बैजनाथ महतो, मुरली यादव, अंगूरी खातून, निशा कुमारी, नूतन कुमारी, सीमा जोजो समेत सभी शिक्षेकेतर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# सीआरपीएफ जवान ने खुद को गोली मारकर की आत्महत्या



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** थाना क्षेत्र में सीआरपीएफ के 22बी बटालियन कैंप में तैनात जवान आशीष कुमार (38) ने गुरुवार रात को खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। उत्तर प्रदेश के संत रविदास नगर के रहने वाले आशीष कुमार रात्रि ड्यूटी के दौरान अपने कैंप में थे, तभी उन्होंने यह कदम उठाया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी।

सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारी और पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे और साथी जवानों से मामले की जानकारी ली। फिलहाल, पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता नहीं लगा पाई है।

**पहले भी कई जवान कर चुके हैं आत्महत्या :** चतरा के विभिन्न कैंपों में कई सीआरपीएफ जवानों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है, जिसमें से एक मध्य प्रदेश के जवान ने चतरा जिला मुख्यालय स्थित सीआरपीएफ 190 बटालियन कैंप में और एक जवान ने कान्हाचट्टी में आत्महत्या की है। हालांकि, कई लोगों का मानना है कि मानसिक, भावनात्मक और घरेलू तनाव के कारण सीआरपीएफ जवान आत्महत्या कर रहे हैं, जो चिंता का विषय है।

## जनता दरबार में ग्रामीणों ने उठाई समस्याएं, डीसी ने निष्पादन करने का दिया निर्देश




खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले के नोनगांव गाँव के निवासियों ने जनता दरबार में अपने मुहल्ले में सरकारी चापानल नहीं होने की समस्या उठाई और एक चापानल लगवाने का अनुरोध किया। उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चतरा को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में भूमि विवाद, आवास, सड़क, शिक्षा, राजस्व, पेयजलापूर्ति, धान का बकाया भुगतान से संबंधित समेत अन्य मामले भी शामिल थे। उपायुक्त ने सभी आवेदनों का अवलोकन किया और जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा दिया। संबंधित पदाधिकारियों को शीघ्र मामले का निष्पादन करने का निर्देश भी दिया गया। उपायुक्त रमेश घोलप द्वारा प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को 11 बजे से 1 बजे तक जनता दरबार का आयोजन किया जाता है, जहाँ वे आमजनों की समस्याएं सुनते हैं और उनका निष्पादन करते हैं।

## टंडवा में लगभग 3.50 करोड़ की लागत से होगी विकास कार्य

खबर मन्त्र संवाददाता



**टंडवा (चतरा)।** सिमरिया विधानसभा विधायक किशुन कुमार दास की अनुशंसा पर सीसीएल द्वारा टंडवा प्रखंड में कई विकास कार्य किए जाएँगे, जिसमें बाईपास सड़क का निर्माण, चुंदरू बाबा पथ से दर्जी मुहल्ला तक पथ निर्माण कार्य, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में भवन निर्माण एवं ग्राम सेरनदाग के उच्च विद्यालय में भवन निर्माण कार्य शामिल है।इन सभी कार्यों की अनुमानित लागत लगभग 3.50 करोड़ रुपये है। शुक्रवार को सीसीएल के अधिकारियों और भाजपा नेताओं ने चुंदरू बाबा पथ से दर्जी मुहल्ला तक पथ निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर चतरा जिला महामंत्री मिथिलेश कुमार गुप्ता, भाजपा नेता गणेश गुप्ता, भाजपा नेता राजेंद्र सिंह समेत सीसीएल के कई अधिकारी उपस्थित थे।

### बरूरा गांव में कुएं से मिलीं हड्डियां, जांच में जुटी प्रसासन

**कुन्दा (चतरा)।** थाना क्षेत्र के बरूरा गांव में बिलास यादव के कुएं से हड्डियों से भरी तीन बोरियां मिली हैं। प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए जांच शुरू कर दी है और हड्डियों को फॉरेंसिक टीम को सौंप दिया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि हड्डियां किस जानवर की हैं और उन्हें कुएं में क्यों फेंका गया।

एक नजर में

## शिक्षकों ने राज्य परियोजना निदेशक के बयान का किया विरोध

**सिमरिया (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय के शिक्षकों और विद्यालय में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षकों ने राज्य परियोजना निदेशक आदित्य रंजन के उस बयान के विरोध में नंगे पांव रखकर प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने शिक्षकों को यूनिफॉर्म नहीं पहनने पर चप्पल से मारने की धमकी दी थी। शिक्षकों का कहना था कि परियोजना निदेशक का बयान अमर्यादित और अपमानजनक है, और एक सम्मानित पद पर बैठे व्यक्ति को इस तरह का बयान देना शर्मनाक है। शिक्षक समुदाय उनके बयान का विरोध करता है और इसकी घोर निंदा करता है।शिक्षकों का कहना है कि वे विपरीत परिस्थितियों में राष्ट्र निर्माण कर रहे हैं और ऐसे में वातानुकूलित कमरे में बैठकर इस तरह का आपत्तिजनक बयान देना अनुचित है।

## वन अधिकार समिति का गठन

**गिद्धौर।** बारीसाखी पंचायत गांव में वन अधिकार समिति के गठन के लिए एक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता मुखिया समीरा कुमारी ने की। बैठक में 17 सदस्यों का चुनाव किया गया, जिसमें धनेश्वर भुइयां को अध्यक्ष और तोखलाल साहू को सचिव चुना गया।? बैठक में यह बताया गया कि 1970 से पहले जो भी जमीन जोत कोड कर रहे हैं, उन्हें वन पट्टा का अधिकार दिया जाएगा। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य प्रियांशु देवी, उप मुखिया विकास कुमार पांडे, मुखिया प्रतिनिधि दिनेश भारती, प्रसादी पासवान, परमेश्वर रविदास, सदस्य रामशीष यादव, मुकेश कुमार दांगी, विनोद पासवान, कर्मधारी रजक, रंजीत यादव, मनोज साहू, धनेश्वर भैया, तारा देवी और काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## विशेष ग्राम सभा का आयोजन

**गिद्धौर।** बारीसाखी पंचायत कार्यालय में मुखिया सुमीरा कुमारी की अध्यक्षता में विशेष ग्राम सभा का आयोजन हुआ। ग्राम सभा में सरकार की गाइडलाइन के तहत अंबुआ आवास, बहन बेटी मइ कई, पशुधन, डीएमएफटी और 15वीं वित्त आयोग की राशि से जन उपयोगी योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा हुई। मनरेगा के तहत चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं को क्रियान्वित करने पर भी विचार-विमर्श हुआ। पंचायत समिति सदस्य प्रियांशु देवी, उप मुखिया विकास कुमार पांडे, वार्ड सदस्य रजनी देवी, रीना देवी, मुखिया प्रतिनिधि दिनेश भारती, पंचायत समिति प्रतिनिधि परमेश्वर रविदास, समाजसेवी प्रसादी पासवान, रामशीष यादव, स्वयंसेवक विकास कुमार बिक्कू और अन्य ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## धूमधाम से मनाई गई असाढ़ी पूजा

**गिद्धौर।** बारीसाखी पंचायत गांव के दुर्गा मंडप परिसर में असाढ़ी पूजा धूमधाम से मनाई गई। समाजसेवी राजकुमार दांगी, लिलो यादव, लक्ष्मी पांडेय और बुधन साव के नेतृत्व में सामूहिक रूप से की गई इस पूजा में मुख्य रूप से भगत राजकुमार दांगी और मनोज दोनों को नीम के पत्ता ढोल से भरवाया गया। गांव के ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और लगभग 200 बकरों की बलि दी गई। ग्रामीणों का मानना है कि इस पूजा को करने से गांव के लोग खुशहाल रहते हैं और गांव में किसी तरह की अनहोनी नहीं होती है। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि दिनेश भारती, उप मुखिया विकास कुमार पांडे, समाजसेवी सुनील कुमार महतो, गणेश ठाकुर, रामजीवन कुमार साहू, बोध यादव, रामकृष्ण पासवान, प्रसादी पासवान, रामाशीष यादव, गोविंद दांगी, देवकुमार साव, रधु दांगी, तीरथ साहब, जगदीश साव और काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## कार्यकारणी की बैठक में पंचायत के विकास पर चर्चा

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत पंचायत बारीयातु में मुखिया डेगन गंझू की अध्यक्षता में कार्यकारणी की बैठक हुई। बैठक में पंचायत के विकास को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा की गई और अनेकों विकास योजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में पंचायत सचिव प्रियंका प्रिया, वार्ड सदस्य प्रकाश यादव, आमिर सुहैल, दुर्गा भुईयां, अजय भारती, विकास यादव और रीना देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## द्वारी पंचायत कार्यालय सभा कक्ष में कार्यकारिणी की बैठक

**गिद्धौर।** द्वारी पंचायत कार्यालय सभा कक्ष में शुक्रवार को कार्यकारिणी की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख अनीता यादव ने की और संचालन पंचायत मुखिया जगदीश यादव ने किया। बैठक में उपस्थित लोगों के साथ पंचायत सचिवालय में कई चचाएं हुईं, जिसमें अबुआ आवास, सुदृढ़ीकरण राशि, 15वीं वित्त आयोग की राशि से जन उपयोगी योजनाओं का क्रियान्वयन और मनरेगा के तहत सरकार द्वारा चलाई गई महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से इन मुद्दों पर प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में पंचायत सचिव उज्जवल कुमार सिंह, सभी वार्ड सदस्य और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मंत्री सत्यानन्द भोगता आज दो दिवसीय दौरे पर पहुंचेंगे चतरा

**चतरा।** मंत्री सत्यानन्द भोगता 27 जुलाई 2024 को दो दिवसीय दौरे पर चतरा पहुँचेंगे। वे डीआरडीए प्रशिक्षण भवन में चतरा नगरपरिषद द्वारा आयोजित ₹परिसंपत्ति वितरण सह योजना उदघाटन₹ कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे और नगरपरिषद की कई योजनाओं का ऑनलाइन उदघाटन करेंगे। इसके बाद वे अन्य कई कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे। अगले दिन, 28 जुलाई 2024 को, वे अपने आवासीय कार्यालय में जनता दरबार सह जनता दर्शन कार्यक्रम के तहत लोगों से मिलेंगे और उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे।इसके बाद, वे अपने विधानसभा क्षेत्र में कई योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे।

## सीसीएल मगध-संघमित्रा क्षेत्र में पौधरोपण अभियान का आयोजन

**टंडवा।** सीसीएल के मगध-संघमित्रा क्षेत्र में ओबी डंप नंबर 4 में पौधारोपण अभियान-2024 का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता को बढ़ावा देना था। महाप्रबंधक नृपेंद्र नाथ, परियोजना अधिकारी एस.सत्यनारायण और अन्य अधिकारियों ने इस आयोजन में भाग लिया। इस दौरान लगभग 1000 पौधे लगाए गए और 2100 पौधे ग्रामीणों और कर्मचारियों के बीच वितरित किए गए। महाप्रबंधक ने लोगों से अपने क्षेत्रों में पौधे लगाने की अपील की और मगध ओसीपी को हरित बनाने के प्रयासों का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पौधारोपण एक हरियाली लाने का एक छोटा कदम है और मिलकर एक अंतर बनाया जा सकता है।

## फांसी के फंदे से झूलता मिला महिला का शव, पुलिस कर रही है गहनता से जांच

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत छतरबर में शुक्रवार की सुबह एक महिला का शव ससुराल में फांसी के फंदे में झूलता मिला। मिली जानकारी के अनुसार छतरबर निवासी 27 वर्षीय रुकसाना खातून पति मो.ग्यास अपने घर के कमरे में फांसी के फंदे से झूलती मिली। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। वहीं घटना की सूचना पाकर कोडरमा थाना प्रभारी सुजीत कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जहां चिकित्सकों ने शव का पोस्टमार्टम कर अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया।

